www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 December 27, 2009 Shift 1 Law Question Paper

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ......................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________
(In words)

**D-5809**

**Test Booklet No.**

Time : **$1\,^1/_4$** hours]

## PAPER-II
## LAW

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **Negative Marking :- For each incorrect answer, 0.5 marks shall be deducted.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **नेगेटिव अंक प्रणाली : प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.5 अंक काटे जाएँगे ।**

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

# LAW
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Consider the following Judgements of the Supreme Court which dealt with the appointment and transfer of Judges of the Supreme Court and High Courts :

1. S. P. Gupta Vs. Union of India
2. Sankal Chand Vs. Union of India
3. President's Special Reference No. 1
4. Supreme Court Advocate on Record Association Vs. Union of India

Which one of the following is correct chronological order in which the above judgements were delivered ?

(A) 1 2 3 4
(B) 2 1 3 4
(C) 2 1 4 3
(D) 1 2 4 3

**2.** Which one of the following is the correct statement ?
"Full faith and credit" clause of the Constitution does not apply to

(A) Public records
(B) Judicial proceedings
(C) Acts of Corporations
(D) Public acts

**3.** In which of the following case the Supreme Court held that allowing medical examination of a woman to prove her virginity, amounts to violation of her right to privacy, guaranteed under Article 21 of the Constitution ?

(A) Surjeet Singh Thind Vs. Kanwaljit Kaur
(B) Phillipa Anne Vs. State of Tamilnadu State
(C) Hameeda Sarfaraj Vs. M. S. Kashekar
(D) Kavita Vs. State of Maharashtra

**4.** By which Constitutional Amendment, Article 21-A providing for right to education was inserted in the Constitution of India ?

(A) The Constitution [Eighty Third Amendment] Act
(B) The Constitution [Eighty Sixth Amendment] Act
(C) The Constitution [Ninetieth Amendment] Act
(D) The Constitution [Ninety Second Amendment] Act

**5.** Joint-session of the Parliament was summoned by the President of India to pass

(A) Dowry Prohibition Act
(B) Banking Service Commission Act
(C) POTA
(D) All the above Act

**6.** Justice Verma's Committee Report relates to

(A) Effectuation of Fundamental Duties
(B) Duty to vote in Election
(C) Freedom of Religion
(D) National Judicial Commission

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# विधि

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** उच्चतम न्यायालय के निम्नलिखित निर्णयों पर विचार कीजिए । ये निर्णय उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति एवं स्थानांतरण के विषय में हैं :

1. एस. पी. गुप्ता बनाम भारत संघ
2. सांकल चन्द बनाम भारत संघ
3. राष्ट्रपति के विशेष निर्देश संख्या नं. 1
4. सुप्रीम कोर्ट एड्वोकेट्स आन रिकार्ड एशोसियेशन बनाम भारत संघ

निम्नलिखित में से कौन सा वह सही कालक्रम दर्शाता है, जिसमें उपरोक्त निर्णय दिये गए थे ?

(A) 1 2 3 4
(B) 2 1 3 4
(C) 2 1 4 3
(D) 1 2 4 3

**2.** निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही है ?

संविधान का "पूर्ण विश्वास और साख" खंड लागू नहीं होता है :

(A) लोक अभिलेखों पर
(B) न्यायिक कार्यवाहियों पर
(C) निगमों के कार्यों पर
(D) लोक कार्यों पर

**3.** निम्नलिखित में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने यह विनिश्चित किया कि एक महिला की कौमार्यता को सिद्ध करने के लिए उसका चिकित्सीय परीक्षण कराना, संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत प्रदत्त निजता के अधिकार का अतिक्रमण माना जाएगा ?

(A) सुरजीत सिंह थिंड बनाम कंवलजीत कौर
(B) फिलिपा अन्ने बनाम तमिलनाडु राज्य
(C) हमीदा सरफराज बनाम एम.एस. कशेकर
(D) कविता बनाम महाराष्ट्र राज्य

**4.** किस संवैधानिक संशोधन द्वारा अनुच्छेद 21-क, जो शिक्षा का अधिकार देता है, भारत के संविधान में जोड़ा गया ?

(A) संविधान (तिरासिवाँ संशोधन) अधिनियम
(B) संविधान (छियासिवाँ संशोधन) अधिनियम
(C) संविधान (नब्बेवाँ संशोधन) अधिनियम
(D) संविधान (बानवेवाँ संशोधन) अधिनियम

**5.** भारत के राष्ट्रपति द्वारा संसद का संयुक्त-सत्र आहूत किया गया था

(A) दहेज प्रतिषेध अधिनियम को
(B) बैंककारी सेवा आयोग अधिनियम को
(C) पोटा को
(D) उपर्युक्त सभी अधिनियमों को पारित करने के लिए

**6.** न्यायमूर्ति वर्मा कमेटी की रपट संबंधित है :

(A) मूल कर्त्तव्यों के प्रभावीकरण से
(B) चुनाव में वोट डालने के कर्त्तव्य से
(C) धार्मिक स्वतंत्रता से
(D) राष्ट्रीय न्यायिक आयोग से

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** By which Constitutional Amendment, Article 51-A(K) which provides for the eleventh duty of a citizen was added ?
(A) The Constitution [Ninety-Third Amendment] Act
(B) The Constitution [Ninety-First Amendment] Act
(C) The Constitution [Eighty Sixth Amendment] Act
(D) The Constitution [Eighty Fourth Amendment] Act

**8.** Who submitted the Report of the "National Commission to Review the working of the Constitution" ?
(A) Justice B. P. Jeevan Reddy
(B) Justice A. S. Anand
(C) Justice R. S. Sarkaria
(D) Justice M. N. Venkatachalliah

**9.** Who has first coined the term 'Legal theory' ?
(A) Kelsen
(B) W. Friedman
(C) Bentham
(D) Roscoe Pound

**10.** Who propounded the 'Utilitarian theory' ?
(A) Kelsen
(B) Henry Maine
(C) Bentham
(D) Julius Stone

**11.** In which of the following cases the jurisprudential basis of the principle to award compensation for violating Human Rights has been laid down by the Supreme Court ?
(A) Konda Reddy Vs. State
(B) Ratlam Municipality Vs. Verdhichand
(C) Visakha Vs. State of Rajasthan
(D) Nilabhati Behra Vs. State of Orissa

**12.** Rights and duties are
(A) Postulates
(B) Correlatives
(C) Opposites
(D) Parallels

**13.** Match the following :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (I) | Retributive theory | 1. | Public Interest Litigation |
| (II) | Immemorial Antiquity | 2. | Punishment |
| (III) | Ground norm | 3. | Custom |
| (IV) | Locus Standi | 4. | Hans Kelson |

**Codes :**

| | (I) | (II) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**14.** 'Law must be changed in a manner to get pleasure and to avoid painful change with social circumstances' is the contribution of
(A) Historical theory
(B) Sociological theory
(C) Anthropological theory
(D) Analytical theory

**7.** संविधान के किस संशोधन द्वारा अनुच्छेद 51-क (ट) जो नागरिकों के लिए ग्यारहवाँ कर्त्तव्य प्रावधानित करता है, जोड़ा गया ?

(A) संविधान (तिरानबेवाँ संशोधन) अधिनियम

(B) संविधान (इक्यानबेवाँ संशोधन) अधिनियम

(C) संविधान (छियासिवाँ संशोधन) अधिनियम

(D) संविधान (चौरासिवाँ संशोधन) अधिनियम

**8.** "राष्ट्रीय संविधान कार्यकरण समीक्षा आयोग" की रपट को किसने प्रस्तुत किया ?

(A) न्यायमूर्ति बी. पी. जीवन रेड्डी
(B) न्यायमूर्ति ए. एस. आनन्द
(C) न्यायमूर्ति आर. एस. सरकारिया
(D) न्यायमूर्ति एम. एन. वेंकटचल्लैया

**9.** 'लीगल थियरी' पद को गढ़ने वाले का नाम बताएँ ।

(A) केल्सेन
(B) डब्ल्यू. फ्रीडमैन
(C) बेंथम
(D) रोस्को पाउण्ड

**10.** 'यूटिलिटेरियन थियरी' का प्रतिपादक कौन है ?

(A) केल्सेन
(B) हेनरी मेन
(C) बेंथम
(D) जूलियस स्टोन

**11.** निम्नलिखित में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने मानवाधिकार के उल्लंघन के लिए क्षतिपूर्ति के सिद्धांत का विधिशास्त्रीय अधिकथन किया है ?

(A) कोंडा रेड्डी बनाम राज्य
(B) रतलाम नगरपालिका बनाम वर्धीचंद
(C) विशाखा बनाम राजस्थान राज्य
(D) नीलाबट्टी बेहरा बनाम उड़ीसा राज्य

**12.** अधिकार और कर्त्तव्य क्या हैं ?

(A) आधार तत्त्व
(B) सह-संबन्ध
(C) परस्पर विरोधी
(D) समानांतर

**13.** निम्नलिखित का मिलान करें :

| **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|
| (I) प्रतिशोधात्मक सिद्धांत | 1. | जनहित मुकदमा |
| (II) स्मरणातीत पुरावशेष | 2. | दण्ड |
| (III) मूल सन्नियम | 3. | रीति-रिवाज |
| (IV) सुने जाने का अधिकार | 4. | हैंस केल्सेन |

**कूट :**

| | (I) | (II) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**14.** 'विधि में इस रीति से परिवर्तन होना आवश्यक है जिससे सामाजिक परिस्थितियों के साथ प्रसन्नता प्राप्त करने तथा पीड़ाकारक परिवर्तन का परिहार हो ।'

(A) ऐतिहासिक सिद्धांत
(B) समाजशास्त्रीय सिद्धांत
(C) नृवैज्ञानिक सिद्धांत
(D) विश्लेषणात्मक सिद्धांत

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** The theme of the 60th Anniversary celebrations of the Universal Declaration of Human Rights, 1948 is
(A) Human Rights for all.
(B) All Human Rights for all.
(C) Justice and dignity for all.
(D) Human Rights for Human Dignity

**16.** Principal modes of peaceful settlement of disputes are
(A) 5
(B) 6
(C) 4
(D) 3

**17.** Who said "International Law is the vanishing point of jurisprudence" ?
(A) Austin
(B) Holland
(C) Kelson
(D) Bentham

**18.** The era of law making treaties began with
(A) Treaty of Vienna
(B) Treaty of Versailles
(C) Kellogg Briard Act
(D) Treaty of Westphalia

**19.** The Arrantzazu Mendi case deals with
(A) Human Rights
(B) Recognition
(C) Nature of International Law
(D) Peaceful settlement of disputes

**20.** Match the following :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (I) Paquete Habana Case | 1. South West Africa Case |
| (II) Dumparton Oaks Conference | 2. Text Book Writers |
| (III) Vienna Declaration, 1993 | 3. United Nations |
| (IV) Custom | 4. Human Rights |

**Codes :**

| | (I) | (II) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**21.** Where a Hindu Male and a Hindu Female contract their Marriage under the Special Marriages Act 1954, Hindu Personal Law
(A) Applies to such marriage
(B) Does not apply
(C) Applies with some modifications
(D) Applies with the Indian Contract Act

**22.** Abortion of child by wife without the consent of the husband is a ground for
(A) Nullity of marriage
(B) Judicial separation
(C) Divorce
(D) None of the above

**23.** 'A' marries 'B', the widow of his elder brother. The marriage is
(A) valid
(B) void
(C) voidable
(D) None of the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** मानवाधिकार सार्वभौमिक घोषणा-पत्र 1948 की 60वीं जयंती की विषय-वस्तु है

(A) सभी के लिए मानवाधिकार
(B) सभी के लिए समस्त मानवाधिकार
(C) सभी के लिए न्याय तथा गरिमा
(D) मानव गरिमा के लिए मानवाधिकार

**16.** विवाद के शांतिपूर्ण निपटारे की कितनी प्रधान विधियाँ हैं ?

(A) 5
(B) 6
(C) 4
(D) 3

**17.** "अंतर्राष्ट्रीय विधि विधिशास्त्र का लोप बिंदु है" - यह किसका कथन है ?

(A) ऑस्टिन
(B) हॉलैंड
(C) केल्सन
(D) बेंथम

**18.** विधि-निर्माण ग्रंथों के युग का आरम्भ किसके साथ हुआ ?

(A) वियेना की संधि
(B) वर्सेल्स की संधि
(C) केलॉग ब्रिएंड समझौता
(D) वेस्टफेलिया की संधि

**19.** अरंतजाजू मेंडाई मामले का संबंध निम्न में से है :

(A) मानवाधिकार
(B) मान्यता
(C) अंतर्राष्ट्रीय विधि की प्रकृति
(D) विवादों का शांतिपूर्ण निपटारा

**20.** निम्नलिखित का मिलान करें :

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| (I) पैक्वेट हबाना केस | 1. साउथ वेस्ट अफ्रीका केस |
| (II) डम्बार्टन ओक्स कांफ्रेंस | 2. पाठ्य-पुस्तक लेखक |
| (III) वियेना डिक्लरेशन, 1993 | 3. संयुक्त राष्ट्र |
| (IV) प्रथा | 4. मानवाधिकार |

**कोड :**

| | (I) | (II) | (III) | (IV) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**21.** जब एक हिन्दू पुरुष और एक हिन्दू महिला विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह की संविदा करते हैं तो हिन्दू वैयक्तिक विधि :

(A) ऐसे विवाह पर लागू होती है ।
(B) लागू नहीं होती है ।
(C) कुछ परिवर्तनों के साथ लागू होती है ।
(D) भारतीय संविदा अधिनियम के साथ लागू होती है ।

**22.** अगर पति की सहमति के बगैर गर्भपात पत्नी द्वारा कराया गया है तो यह आधार होगा

(A) विवाह का रद्दीकरण
(B) न्यायिक पृथक्करण
(C) विवाह-विच्छेद
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**23.** 'अ' अपने बड़े भाई की विधवा 'ब' से विवाह करता है । यह विवाह

(A) विधि मान्य है ।
(B) शून्य है ।
(C) शून्यकरणीय ।
(D) इनमें से कोई नहीं ।

prepp Your Personal Exams Guide

**24.** A Muslim woman observising iddat period marries with another man. The marriage is
(A) Sahih (B) Batil
(C) Fasid (D) None of the above

**25.** In which of the following case, the court held that 'Triple divorce' is not a Valid Talaq" ?
(A) Ziauddin Vs. Anwari Begum
(B) Mohammad Ahmad Khan Vs. Shah Bano
(C) Bai Tahira V. Ali Hussain
(D) None of the above

**26.** A marriage under Muslim Law between persons with Fosterage relationship is
(A) Sahih (B) Batil
(C) Fasid (D) None of the above

**27.** Arrange the sequence of the following events in which they occur in a contract, using the code
(i) Communication of offer (ii) Invitation to offer
(iii) Fraud (iv) Damages

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**28.** Find correct explanation from following assertion and reason from code.
**Assertion (A) :** Damages must be reasonable for breach of a contract.
**Reason (R) :** Because reasonable damages are agreed upon in a contract.
**Code :**
(A) Assertion (A) and Reason (R) are right.
(B) Assertion (A) and Reason are (R) wrong.
(C) Assertion (A) is right, Reason (R) is wrong.
(D) Assertion (A) is wrong, Reason (R) is right.

**29.** Frustration of contract is provided by which Section of the Indian Contact Act ?
(A) 73 (B) 70 (C) 2 (d) (D) 56

**30.** Some, all or none of the following statements are right. Answer using the code.
(i) A minor is liable for breach of a contract to which he is a party.
(ii) A minor is liable to pay for necessaries for his spouse.
(iii) Supply of necessaries to a minor is a contract.
(iv) Necessaries supplied to a minor need not be according to his station in life, for the supplier to claim damages.
**Codes :**
(A) All statements are right. (B) All statements are wrong.
(C) Only statement (ii) is right. (D) Only statement (ii) is wrong.

**31.** Promissory estoppel against Government agencies is decided in
(A) Tweedle Vs. Atkinson, 4LT468
(B) Dutton Vs. Poole, 83LR523
(C) Delhi Cloth and General Mills Ltd. Vs. Union of India, AIR 1987 SC 2414
(D) Kedar Nath Vs. Gorie Mohd., ILR (1886) 14 Col. 64

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** मुस्लिम पत्नी इद्दत के दौरान किसी दूसरे आदमी से विवाह कर लेती है । यह विवाह
(A) विधिमान्य है । (B) शून्य है ।
(C) शून्यकरणीय है । (D) इनमें से कोई नहीं ।

**25.** निम्न में से किस वाद में न्यायालय ने प्रतिपादित किया है कि "तीन तलाक विधि मान्य नहीं है" ?
(A) ज़ियाऊदीन बनाम अनवरी बैगम (B) मुहम्मद अहमद खाँ बनाम शाहबानो
(C) बाई ताहीरा बनाम अली हुसैन (D) इनमें से कोई नहीं

**26.** मुस्लिम विधि के अनुसार 'धात्री' सम्बन्धियों के बीच विवाह होगा
(A) विधिमान्य (B) शून्य
(C) शून्यकरणीय (D) इनमें से कोई नहीं

**27.** कोड का उपयोग करते हुए निम्नलिखित घटनाओं को उस क्रम में व्यवस्थित करें जिस क्रम में वे एक संविदा में घटित होती हैं :
(i) प्रस्ताव का संसूचन (ii) प्रस्ताव का आमंत्रण
(iii) कपट (iv) नुकसानी

**कूट :**
(A) (ii) (i) (iii) (iv)
(B) (i) (ii) (iii) (iv)
(C) (iv) (ii) (i) (iii)
(D) (iv) (iii) (ii) (i)

**28.** निम्नलिखित अभिकथन तथा तर्क के आधार पर कोड में से सही स्पष्टीकरण चुनें :
**अभिकथन (A)** : एक संविदा को भंग करने के लिए नुकसानी को अनिवार्यत: युक्तियुक्त होना चाहिए ।
**तर्क (R)** : क्योंकि संविदा में युक्तियुक्त नुकसानी के लिए सहमति व्यक्त होती है ।

**कूट :**
(A) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) सही हैं । (B) अभिकथन (A) तथा तर्क (R) गलत हैं ।
(C) अभिकथन (A) सही है, तर्क (R) गलत है । (D) अभिकथन (A) गलत है, तर्क (R) सही है ।

**29.** भारतीय संविदा अधिनियम की किस धारा में संविदा की विफलता के बारे में प्रावधान है ?
(A) 73 (B) 70 (C) 2 (d) (D) 56

**30.** निम्नलिखित कथनों में से कुछ या सारे सही हैं या कोई भी सही नहीं है । कूट का उपयोग करते हुए उत्तर दीजिए :
(i) किसी संविदा का एक पक्षकार होने पर एक नाबालिक व्यक्ति पर भी संविदा-भंग का दायित्व होता है ।
(ii) एक नाबालिग पर अपने/अपनी पति/पत्नी की आवश्यकताओं के भारवहन का दायित्व होता है ।
(iii) एक नाबालिक की आवश्यकता की पूर्ति एक संविदा है ।
(iv) एक पूर्त्तिकार द्वारा नुकसानी का दावा प्रस्तुत करने के लिए, एक नाबालिग को पूर्त की गई आवश्यकताएँ अनिवार्यत: उसके जीवन-स्थानक नहीं भी हो सकती हैं ।

**कूट :**
(A) सारे कथन सही हैं । (B) सारे कथन गलत हैं ।
(C) केवल कथन (ii) सही है । (D) केवल कथन (ii) गलत है ।

**31.** सरकारी अभिकरणों के विरुद्ध वचन-विबंध का निर्णय किसमें मिलता है ?
(A) ट्विडल बनाम एटकिंसन, 4LT468
(B) डट्टन बनाम पूल, 83LR523
(C) दिल्ली क्लॉथ एण्ड जनरल मिल्स लिमिटेड बनाम भारत संघ, AIR 1987 SC 2414
(D) केदारनाथ बनाम गोरी मुहम्मद आई एल आर (1886) 14 Col. 64

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** Which one of the following statements is right ?

(A) Two or more persons are said to consent when they agree upon some thing in some sense.

(B) Two or more persons are said to consent when they agree upon the same thing in the same sense.

(C) Two or more persons are said to enter into a contract when they agree upon the same thing in the same sense.

(D) Two or more persons are said to enter a quasi contract when they agree upon the same thing in the same sense.

**33.** If a person enters voluntarily into a sports event and receives grave injury, he has

(A) a claim in torts for medical expenses though not for a loss of income.

(B) a claim in torts for loss of earning capacity.

(C) no claim in torts because the injury was not intentionally caused.

(D) no claim in torts because of the principle volenti non fit injuria.

**34.** 'Qui facit per alium facit perse' establishes the

(A) Liability under the Indian Penal Code

(B) Liability under the law of torts

(C) Vicarious liability

(D) Liability under the Indian Contract Act

**35.** The rule of Absolute Liability was first laid down by

(A) Lord Atkin in 1635

(B) Justice Blackburn in 1868

(C) Winfield in 1765

(D) Chief Justice Holt in 1868

**36.** Res ipsa Loquitur is

(A) weapon of defence

(B) weapon of offence

(C) a defence of some factor which was beyond the control of the person who caused injury.

(D) a dangerous weapon

**37.** If A gives lift in his car to B upto a certain place and on the way due to negligence of A an accident is caused. A has

(A) no responsibility towards B.

(B) no legal duty to take care of B's safety.

(C) a legal duty to take care of B also and is liable for compensation.

(D) All of the above

**38.** For an action of nuisance defendant can put up the following defence.

I. The place is suitable for the purpose.

II. It is for the benefit of the residents of the locality.

III. It is done under statutory authority.

IV. Plaintiff has consented to the act.

Of the above statement

(A) I, II and III are correct.

(B) II, III and IV are correct.

(C) I, III and IV are correct.

(D) III and IV are correct.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) जब दो या दो से अधिक व्यक्ति किसी बात पर किसी अर्थ में सहमत होते हैं तो इसे उनकी सहमति माना जाता है ।

(B) जब दो या दो से अधिक व्यक्ति समान बात पर समान अर्थ में सहमत होते हैं तो इसे उनकी सहमति माना जाता है ।

(C) जब दो या दो से अधिक व्यक्ति समान बात पर समान अर्थ में सहमत होते हैं तो इसे उनके बीच संविदा माना जाता है ।

(D) जब दो या दो से अधिक व्यक्ति समान बात पर समान अर्थ में सहमत होते हैं तो इसे उनके बीच अर्ध संविदा माना जाता है ।

**33.** अगर कोई व्यक्ति स्वेच्छा से खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेता है और उसे गंभीर चोट पहुँचती है तो वह

(A) अपकृत्य में चिकित्सा खर्च का दावा कर सकता है न की आय में हुए नुकसान का ।

(B) कमाने की क्षमता में हुए ह्रास का अपकृत्य के तहत दावा कर सकता है ।

(C) अपकृत्य में कोई दावा नहीं कर सकता क्योंकि चोट जानबूझ कर कारित नहीं की गई थी ।

(D) सहमति दिये गये कृत्यों में क्षति नहीं होने के सिद्धान्त के कारण अपकृत्य में कोई दावा नहीं कर सकता ।

**34.** 'क्वी फेसिट पर एलीयम फेसिट परसी' सिद्ध करता है

(A) भारतीय दण्ड संहिता के अधीन दायित्व

(B) अपकृत्य विधि के अधीन दायित्व

(C) प्रतिनिधिक दायित्व

(D) भारतीय संविदा अधिनियम के अधीन दायित्व

**35.** पूर्व क्षति का नियम सर्वप्रथम प्रतिपादित किया गया :

(A) 1635 में लॉर्ड एटकीन द्वारा  (B) 1868 में न्यायाधीश ब्लेकबर्न द्वारा

(C) 1765 में विनफील्ड द्वारा  (D) 1868 में मुख्य न्यायाधीश हॉल्ट द्वारा

**36.** परिस्थितियाँ स्वयं बोलती हैं, है

(A) बचाव का हथियार

(B) हमले का हथियार

(C) यह उस व्यक्ति का बचाव है जिसके कारण चोट पहुँची वो परिस्थितियाँ उसकी पहुँच के बाहर थीं

(D) एक घातक हथियार

**37.** 'A' ने 'B' को अपनी कार में एक स्थान के लिये मुफ्त में बिठाया और रास्ते में 'A' की लापरवाही की वजह से दुर्घटना हो गई । 'A' का

(A) 'B' के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है ।

(B) 'B' को सुरक्षा प्रदान करना उसका विधिक दायित्व नहीं है ।

(C) 'B' को सुरक्षा प्रदान करने का विधिक दायित्व और हर्जाना अदा करने का दायित्व है ।

(D) उपरोक्त सभी

**38.** उप-ताप की कार्यवाही में प्रतिवादी निम्नलिखित बचाव का उपयोग कर सकता है :

I. कि स्थान प्रयोजन के लिये यथोचित है ।

II. कि यह इलाके के रहवासियों के फायदे के लिये है ।

III. कि यह विधिक अधिकार के अध्यधीन किया गया है ।

IV. कि वादी ने कार्य के लिये सहमति दी थी ।

उपरोक्त कथन में से

(A) I, II और III सही हैं ।  (B) II, III और IV सही हैं ।

(C) I, III और IV सही हैं ।  (D) III और IV सही हैं ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** Which of the following is the offence which is punishable in four stages ?

(A) Robbery (B) Dacoity

(C) Murder (D) Rape

**40.** 'a', 'b' and 'c' are joint owners of some property. 'a' removes the property.

(A) 'a' is not guilty of theft as property belongs to him.

(B) 'a' is guilty of theft as he is only a joint owner.

(C) 'a' is guilty of criminal misappropriation.

(D) 'a' is guilty of breach of trust.

**41.** Which of the following statement is correct ?

(A) Sec. 34 of I.P.C. is only a rule of evidence.

(B) Sec. 34 of I.P.C. does not create a substantive offence.

(C) Both (A) and (B) are correct.

(D) None of these.

**42.** A instigates B to kidnap son of Z. B instigates C to do so and C kidnaps son of Z.

(A) Only B is guilty of abetting C.

(B) Only A is guilty of abetment.

(C) Both A and B are guilty of abetment.

(D) None of these

**43.** **Assertion (A) :** X and Y had independently entertained the idea to kill Z. Accordingly, each separately inflicts wounds on Z. Z dies. X and Y can be tried jointly.

**Reason (R) :** Two or more persons can be tried jointly if the act, resulting in an offence, is done in furtherance of a common intention.

Select your answer using the codes given below :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not a correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**44.** 'Y' picks 'X's pocket. Next day, 'X' while buying paan near his office finds 'Y' paying money from his (X's) purse. 'X' catches hold of 'Y' and tries to take back his purse. 'Y' resists. 'X' twists 'Y's' arm with such force that it is broken. 'X' is charged with causing hurt to 'Y'. In his defence 'X' can

(A) say that he was acting under right of private defence of property.

(B) not raise the plea of right of private defence since he had time to seek the help of public authorities.

(C) say that his right of private defence revived as soon as he saw Y with his purse.

(D) say that he did not use more force than was required.

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** निम्नलिखित में से कौन सा ऐसा अपराध है जो चार चरणों में दण्डनीय है ?

(A) लूट
(B) डकैती
(C) हत्या
(D) बलात्कार

**40.** 'a', 'b' और 'c' सम्पत्ति के संयुक्त मालिक हैं । 'a' सम्पत्ति को हटा लेता है ।

(A) 'a' चोरी का अपराधी नहीं है क्योंकि वह सम्पत्ति का मालिक है ।
(B) 'a' चोरी का अपराधी है क्योंकि वह सम्पत्ति का सिर्फ संयुक्त मालिक है ।
(C) 'a' आपराधिक दुर्विनियोजन का अपराधी है ।
(D) 'a' न्यास भंग का अपराधी है ।

**41.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 34 सिर्फ एक साक्ष्य का नियम है।
(B) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 34 अपने आप में सारभूत अपराध नहीं बनाता है ।
(C) उपरोक्त (A) और (B) दोनों सही हैं।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**42.** 'A', 'B' को 'Z' के लड़के का हरण करने के लिये उकसाता है । 'B', 'C' को ऐसा करने से उकसाता है और 'C', 'Z' के लड़के का हरण कर लेता है ।

(A) सिर्फ 'B' ही 'C' को उकसाने का अपराधी है ।
(B) सिर्फ 'A' ही उकसाने का अपराधी है ।
(C) 'A' और 'B' दोनों उकसाने के अपराधी हैं ।
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं ।

**43.** **अभिकथन (A) :** 'X' और 'Y' ने स्वतन्त्र रूप से 'Z' की हत्या कारित करने का विचार किया, अस्तु दोनों ने 'Z' पर अलग-अलग से चोटें पहुँचायीं । 'Z' की मृत्यु हो गई । 'X' और 'Y' का संयुक्त विचारण हो सकता है ।

**तर्क (R) :** दो या उससे ज्यादा व्यक्तियों का संयुक्त विचारण हो सकता है बशर्ते कि वह कार्य जो अपराध की श्रेणी में आता है सामान्य आशय की पूर्ति हेतु किया गया हो ।

निम्नलिखित कूट का उपयोग करते हुए अपना उत्तर चुनिये :

**कूट :**

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं, और (R) (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(B) दोनों (A) और (R) सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) मिथ्या है ।
(D) (A) मिथ्या है, परन्तु (R) सही है ।

**44.** 'Y' ने 'X' की पॉकेट मार ली । अगले दिन जब 'X' अपने कार्यालय के नजदीक पान खरीद रहा था 'Y' को पैसे (X' के पर्स से ) देते हुए देखता है । 'X' 'Y' को पकड़ लेता है और अपना पर्स वापिस लेने की कोशिश करता है । 'Y' प्रतिरोध करता है । 'X' 'Y' की बाँह बलपूर्वक मरोड़ता है जिससे बाँह टूट जाती है । 'X' को 'Y' को चोट पहुँचाने के लिये आरोपित किया जाता है । 'X' अपने बचाव में कह सकता है कि

(A) वह सम्पत्ति की निजी सुरक्षा के अधिकार के अध्यधीन ऐसा कर रहा था।
(B) वह निजी सुरक्षा के अधिकार का बचाव नहीं ले सकता क्योंकि उसे लोकसेवक की मदद प्राप्त करने का समय उपलब्ध था ।
(C) उसका सम्पत्ति की सुरक्षा का अधिकार उस वक्त पुन: प्राप्त हो गया जब उसने 'Y' को अपने पर्स के साथ देखा ।
(D) उसने आवश्यकता से ज्यादा बल का प्रयोग नहीं किया था ।

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** Given below are two statements. One is labelled as Assertion (A) and other is labelled as Reason (R). Select correct code combination.

**Assertion (A) :** Physical Research Laboratory, Ahmedabad was held not to be an 'industry' by the Supreme Court.

**Reason (R) :** Since it is carrying on research not for the benefit of self. Moreover, it is not engaged in commercial activities.

**Codes :**

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) Both (A) and (R) are wrong.
(C) (A) is wrong, but (R) is correct.
(D) Both (A) and (R) are correct.

**46.** Select correct code combination relating to "Closure".

(a) Employment relationship severed.
(b) Suspension of Employment relationship.
(c) End of bargaining.
(d) To compel workmen to accept terms and conditions in the course of bargaining.
(e) Permanent closing down of employer's business.
(f) Deliberate temporary closing of a place of employment.
(g) Not in consequence of an industrial dispute.

**Codes :**

(A) (a), (c), (e) and (g)
(B) (b), (d), (f) and (g)
(C) (c), (e), (f) and (g)
(D) (b), (c), (e) and (f)

**47.** Which one of the following is <u>not</u> an 'Industry' ?

(A) Forest Department of State
(B) Indian Red Cross Society
(C) Federation of Indian Chamber of Commerce & Industries
(D) Khadi and Village Industries Board

**48.** Which of the following do not relate to "industrial dispute" ?

(A) Dispute or difference connected with employment of
(B) Dispute or difference connected with non-employment of
(C) Dispute or difference connected with the terms of employment or with the conditions of labour.
(D) Dispute or difference connected with the election of a trade union.

**49.** A certificate of registration of a trade union is

(A) Rebuttable evidence
(B) Irrebuttable evidence
(C) Conclusive evidence
(D) None of the above

**50.** Which of the following is related to "settlement" ?

(A) Strike
(B) Lock-out
(C) Retrenchment
(D) Conciliation

______________

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** इस प्रश्न में दो कथन हैं । एक अभिकथन (A) अंकित है तथा दूसरा तर्क (R) अंकित है । इन कथनों को जाँचिये और कूट के सही संयोजन का चयन कीजिये ।

**अभिकथन (A)** : अहमदाबाद की भौतिक शोध प्रयोगशाला (फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी) को सर्वोच्च अदालत ने उद्योग नहीं ठहराया ।

**तर्क (R)** : क्योंकि वह खुद के लाभ के लिए शोध कार्य नहीं कर रही है । विशेषत: वह वाणिज्य संबंधी व औद्योगिक कार्यवाहियों में प्रवृत्त नहीं है ।

**कूट :**

(A) (A) सही, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं।
(C) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

**46.** "बंदी" संबंधी सही कोड संयोजन का चुनाव कीजिए :

(a) रोजगारी के संबंधों का विच्छेदन
(b) रोजगारी के संबंधों का निलम्बन
(c) सौदेबाजी का अंत
(d) सौदेबाजी के अंतर्गत कर्मकार को निबंधन और शर्तें मानने पर बाध्य करना है ।
(e) नियोजक के कारोबार को स्थायी रूप से बन्द करना ।
(f) सोचा समझा कारोबारी की जगह को अस्थायी रूप से बंद करना ।
(g) औद्योगिक विवाद के परिणामस्वरूप नहीं ।

**कूट :**

(A) (a), (c), (e) और (g)
(B) (b), (d), (f) और (g)
(C) (c), (e), (f) और (g)
(D) (b), (c), (e) और (f)

**47.** निम्नलिखित में से कौन उद्योग नहीं है ?

(A) राज्य का वन विभाग
(B) इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी
(C) फेडरेशन ऑफ इण्डियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्रीज
(D) खादी एण्ड विलेज इण्डस्ट्रीज बोर्ड

**48.** निम्नलिखित में से "औद्योगिक विवाद" संबंधित कौन नहीं है ?

(A) रोजगार संबंधित विवाद या मतभेद
(B) बेरोजगारी संबंधित विवाद या मतभेद
(C) रोजगारी के निबंधन और श्रम की शर्तों से संबंधित विवाद या मतभेद
(D) श्रमिक संघ के निर्वाचन से संबंधित विवाद या मतभेद

**49.** श्रमिक संघ के पंजीकरण का प्रमाणपत्र

(A) खंडनपात्र साक्ष्य है ।
(B) अखंडनीय साक्ष्य है ।
(C) निश्चायक साक्ष्य है ।
(D) ऊपर में से कोई नहीं है ।

**50.** निम्नलिखित में से कौन "परिनिर्धारण" से संबंधित है ?

(A) हड़ताल
(B) तालाबंदी
(C) छँटनी
(D) सुलह

———————

www.prepp.in

**Space for Rough Work**